# कार्यालय, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, मोकामा (पटना)

## डी0 एल0 एड0 प्रशिक्षण सत्र 2022–2024 में स्पॉट काउंसिलिंग से संबंधित सूचना

## अभ्यर्थियों के स्पॉट काउंसिलिंग हेतु आवश्यक निर्देश

पत्रांक– 292 दिनांक– 27.12.2022

**काउन्सिलिंग की तिथि– 28–12–2022 समय–10:30 से 31.12.2022 सांय से 04:30 बजे तक**

**महत्वपूर्ण सूचना–**

1. काउंसलिंग के आधार पर नामांकन का दावा मान्य नहीं होगा।
2. वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा विज्ञान (Science) विषय से उत्तीर्ण किया है और नामांकन हेतु कला (Arts) विषय का चुनाव किया है या जिन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा कला (Arts) से उत्तीर्ण किया है और नामांकन हेतू विज्ञान (Science) विषय का चुनाव किया है, उनकी काउन्सिलिंग नहीं होगी।
3. आवेदक काउंसलिंग **प्रपत्र क** की प्रति अनिवार्य रूप से भरकर ही जमा करेंगें।

2. अभ्यर्थियों को निम्नांकित मूल दस्तावेजो की छायाप्रति को लगाना अनिवार्य है –

- आवेदक द्वारा किए गए Online आवेदन की मूल प्रति।
- इन्टीमेशन लेटर :–
- स्कोर कार्ड एवं CAF की छायाप्रति :
- मैट्रिक का मूल प्रमाण–पत्र एवं मूल अंक–पत्र।
- इण्टरमिडिएट का मूल प्रमाण–पत्र एवं मूल अंक–पत्र।
- उच्च योग्यता प्रमाण–पत्र। (अगर हो)
- स्थानांतरण प्रमाण पत्र।
- आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आरक्षण कोटि संबंधित प्रमाण पत्र ।
- नि:शक्तता प्रमाण पत्र दिव्यांग कोटि हेतु।
- सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (एक प्रति फ्लाई लिप में )

3. निर्धारित तिथि तक काउंसलिंग नही कराने, अपेक्षित प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता या किसी भी प्रमाण पत्र की अवैधता की स्थिति में , निर्धारित की गयी तिथि को उपस्थित नही होने पर, नामांकन का दावा स्वत: समाप्त माना जाएगा।

4. उपर्युक्त सभी शर्तो को पूरा करने के उपरांत ही नामांकन हेतु औपबंधिक कोटिवार मेधा सूची तैयार की जाएगी।

27/12/2022

नामांकन प्रभारी
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
मोकामा, पटना।

Scanned by Scanner Go

# कार्यालय ,प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, मोकामा (पटना)

## स्पॉट काउन्सिलिंग प्रपत्र (क)

### सत्र 2022–2024

विषय – विज्ञान / कला–वाणिज्य / उर्दू

**आवेदन कमांक –**

पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो

1. नाम :–
2. पिता का नाम :–
3. कोटि :–
4. जन्म तिथि :–
5. इन्टीमेशन लेटर :–
6. स्कोर कार्ड में मेधा अंक :–
7. उच्च योग्यता :–
8. स्थायी पता मो0 नंबर के साथ :–
9. आवेदन करने की तिथि :–

| क्र0 सं0 | योग्यता | बोर्ड का नाम | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत | मेधा अंक मैट्रिक इंटर का प्रतिशत का औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मैट्रिक | | | | | |
| 02 | इंटर | | | | | |
| 03 | अन्य योग्यता | | | | | |
| 04 | स्कोर कार्ड की संख्या | स्कोर कार्ड में मेधा अंक | CAF की संख्या | | | |
| | | | | | | |

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मात्र काउसलिंग के आधार पर नामांकन का दावा नहीं करूंगा / करूंगी । उपरोक्त सूचना मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। यदि उपरोक्त सूचना गलत पायी जाती है तो इसकी जिम्मेदार मैं स्वयं होउगां / होउगीं।

स्थान :

तिथि:–

हस्ताक्षर आवेदक

Scanned by Scanner Go

# प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय ,मोकामा (पटना)

सत्र 2022–24 में D.El.Ed कोर्स में नामांकन हेतु कोटिवार रिक्त सीटों की संख्या

| CATEOGARY | ARTS/COM. | SCIENCE |
|---|---|---|
| UR | 2 | 6 |
| EWS | 2 | 2 |
| BC | 3 | 4 |
| EBC | 3 | 5 |
| SC | 3 | 6 |
| ST | NIL | NIL |
| WBC | 1 | 2 |
| **TOTAL** | **14** | **25** |
| | | |
| DIVYANG | NIL | NIL |
| URDU | NIL | 4 |

Scanned by Scanner Go

दिनांक- 24-12-2022 को प्रिंट मीडिया

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 249/2022

**ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त राज्य के डी.एल.एड. कोर्स संचालित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षण सत्र 2022–24 में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की पुनर्निर्धारित प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य के डी.एल.एड. कोर्स संचालित प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2022–24 में नामांकन हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2022 के आधार पर समिति से प्रसारित विभिन्न विज्ञप्तियों के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने तथा तीन चरणों में चयन सूची प्रकाशित कर दिनांक 17.12.2022 तक नामांकन की कार्रवाई की गयी है। अद्यतन नामांकन उपरांत रिक्त रह गए सीटों पर नामांकन हेतु **दिनांक 23.12.2022 से 30.12.2022** तक स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया शुरू किए जाने के संबंध में आवश्यक सूचना समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 246/2022 के माध्यम से प्रसारित की गयी थी। उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणवश संशोधित किया गया है। **अतः दिनांक 24.12.2022 से 30.12.2022 तक निर्धारित नामांकन कार्यक्रम एवं प्रक्रिया को, पुनर्निर्धारित प्रक्रिया के आलोक में, रद्द किया जाता है।**

2. पुनर्निर्धारित प्रक्रियान्तर्गत स्पॉट नामांकन हेतु महाविद्यालयवार रिक्त सीटों का विवरण समिति के पोर्टल **http://deled.biharboardonline.com** पर अपलोड है।

3. **स्पॉट नामांकन हेतु निम्न श्रेणी के अभ्यर्थी पात्र होंगे :–**

**(क)** वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा CAF (Common Application Form) एवं शुल्क ऑनलाईन जमा किया गया है, किन्तु उनका चयन किसी भी चयन सूची में नहीं हुआ है, अथवा

**(ख)** वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने प्रथम चयन सूची, द्वितीय चयन सूची एवं तृतीय चयन सूची में आवंटित संस्थान में चयन होने के पश्चात् भी नामांकन नहीं लिया है।

● जारी की गई प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन सूची के आलोक में आवंटित महाविद्यालयों में नामांकित अभ्यर्थी स्पॉट नामांकन के लिये पात्र नहीं हैं।

**4. उपर्युक्त श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों के स्पॉट नामांकन की प्रक्रिया निम्नवत् है :–**

**i)** इच्छुक अभ्यर्थी सर्वप्रथम समिति के पोर्टल पर जाकर संस्थानवार रिक्त सीटों की संख्या से अवगत हो लेंगे।

**ii)** उसके पश्चात् समिति पोर्टल पर जाकर वे अपना बारकोड/Reference Number डालकर स्पॉट नामांकन हेतु अपना CAF डाउनलोड कर लें।

**iii)** तत्पश्चात् अभ्यर्थी जिस संस्थान में नामांकन को इच्छुक हैं, वहाँ संगत अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय में अपना नामांकन आवेदन समर्पित करेंगे। नामांकन आवेदन के साथ अभ्यर्थी अपने सभी अकादमिक प्रमाण–पत्रों, आरक्षण कोटि/अन्य कोटि से संबंधित प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के अलावे अपना **स्कोर कार्ड एवं CAF अवश्य संलग्न करेंगे।**

**iv)** महाविद्यालय प्रधान के द्वारा उनके यहाँ प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों की पंजी संधारित की जाएगी, जिसमें आवेदन की प्राप्ति संख्या भी अनिवार्य रूप से अंकित की जाएगी। प्राप्ति संख्या क्रमिक आगामी तिथियों में क्रमिक रूप से बढ़ती जाएँगी, अर्थात् आवेदन प्राप्ति हेतु निर्धारित द्वितीय एवं आगामी तिथियों को प्राप्ति संख्या 01 से शुरू न कर उस संख्या से शुरू की जाएगी, जो पूर्व की तिथि की अंतिम प्राप्ति संख्या के तुरंत बाद है।

**v)** अभ्यर्थी से आवेदन पत्र प्राप्त होने पर महाविद्यालय द्वारा तत्क्षण ही उसे आवेदन पत्र की छायाप्रति पर आवेदन की प्राप्ति (Receiving) दी जाएगी। आवेदन की छायाप्रति पर Receiving के साथ–साथ आवेदन प्राप्ति संख्या भी अनिवार्य रूप से अंकित करना सुनिश्चित किया जाएगा।

**vi)** महाविद्यालय आवदेक अभ्यर्थियों के CAF No. को अपने लॉग इन में प्रविष्ट कर यह संतुष्ट हो लेंगे कि उक्त आवेदक का नामांकन किसी भी संस्थान में नहीं हुआ है।

**vii)** आवेदन की प्रक्रिया समाप्ति के उपरांत महाविद्यालय द्वारा स्कोर कार्ड में अंकित अभ्यर्थी के "रैंक" के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों की औपबंधिक मेधा सूची तैयार कर महाविद्यालय के सूचना पटल एवं अन्य स्थलों पर सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित (प्रकाशित) करते हुए आपत्ति आमंत्रण किया जाएगा।

**viii)** तत्पश्चात् अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्ति/आपत्तियों का निराकरण करते हुए महाविद्यालय द्वारा अंतिम मेधा सूची जारी की जाएगी, जिसे महाविद्यालय के सूचना पटल एवं अन्य स्थलों पर सुस्पष्ट रूप से प्रदर्शित (प्रकाशित) किया जाएगा।

**ix)** महाविद्यालय द्वारा उक्त मेधा सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के नामांकन की कार्रवाई ससमय सुनिश्चित करते हुए उसे समिति के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाएगा।

**x)** सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन में आरक्षण के प्रावधान का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

TeachersAcademyGroup

**5. स्पॉट नामांकन की विभिन्न गतिविधियों की समय तालिका निम्नवत् है :–**

| कार्य | तिथि |
|---|---|
| अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में आवेदन जमा करने की तिथि | 28.12.2022 से 31.12.2022 तक |
| मेधा क्रम में औपबंधिक सूची प्रकाशित करने की तिथि | 02.01.2023 |
| औपबंधिक सूची पर अभ्यर्थियों से आपत्ति प्राप्त करने की तिथि | 03.01.2023 से 04.01.2023 तक |
| प्राप्त आपत्तियों के निराकारण की तिथि | 06.01.2023 |
| प्राप्त आपत्तियों के निराकारण के पश्चात् अंतिम सूची प्रकाशित करने की तिथि | 07.01.2023 |
| अंतिम मेधा सूची के आधार पर नामांकन की तिथि | 09.01.2023 से 12.01.2023 तक |
| नामांकन के पश्चात् समिति के पोर्टल पर अद्यतन करने की तिथि | 13.01.2023 |

परीक्षा नियंत्रक (विविध)

Scanned by Scanner Go